दो बून्द ज़िन्दगी की पिलाई

बांदनवाड़ा, (निसं.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की और से रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार दिनांक 30 जून से प्रारंभ हुआ, इस अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो वैक्सीन की दो बूंद पिलाई गई।चिकित्सालय प्रभारी डॉ.आर आर मीणा ने बताया कि बांदनवाड़ा सेक्टर में 35 बूथों पर 66 कर्मचारियों द्वारा पोलियो बूथ लगाए गए हैं।उन्होंने बताया कि बांदनवाड़ा सेक्टर में कुल तीन सुपरवाइजर इस कार्यक्रम को सम्पादित करने में लगे हुए हैं जिनमें से कमलेश आचार्य, उमेश नागर व पुष्पा कुमावत को ग्यारह ग्यारह बूथों की जिम्मेदारी दी हुई है।

सुपरवाइजर कमलेश आचार्य ने बताया कि रविवार को उक्त सभी बूथों पर कुल 3999 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाए गई।1 व 2 जुलाई को घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।वहीं इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रविवार को कस्बे के समाजसेवी एडवोकेट डॉ.मनोज आहूजा व शिक्षक पवन धूमश ने पोलियो बूथ पर पहुंचकर दवाई पिलाने वाली टीम का सहयोग करते हुए बच्चों को दवाई पिलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा नन्हें मुन्ने बच्चों को टॉफीयां बांटकर उन्हें दवाई पीने के लिए प्रेरित किया।

राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनी निर्माणाधीन पुलिया

मसूदा, (निसं)। मसूदा से ब्यावर-सड़क मार्ग की निर्माणाधीन आधी अधूरी पुलिया राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

बारिश के चलते निर्माणाधीन पुलिया के दोनों ओर ग्रामीणों व वाहन

- **जिम्मेदार प्रशासन व जनप्रतिनिधि आंख मूंद कर बैठे हैं**
- **पुलिया के दोनों तरफ बरसात का पानी भरा हुआ है**

चालकों को दुर्घटनाओं से गुजरना पड़ रहा है। पुलिया के दोनों तरफ बरसात का पानी भरा हुआ है बड़े वाहन जैसे तैसे निकल जाते हैं। परन्तु दोपहिया वाहनों को भारी परेशानियों से निकलना पड़ता है। दुर्घटना का अंदेशा को लेकर कई वाहन का संतुलन बिगड़ जाने से चोटिल होने का खतरा बढ़ जाता है। रोडवेज बसों में बैठे यात्रियों को दुर्घटना का अंदेशा दिखाई देता है बरसात के पानी से रोडवेज बस के टायर पानी में डूबने से बसों का संतुलन बिगड़ने का खतरा मंडराने लगता है। इस वजह से रूट की कई बसें बंद हो गई।

दोपहिया वाहनों को भारी परेशानियों से निकलना पड़ रहा है।

ग्रामीणों व सरकारी कार्मिकों को निजी व अन्य साधनों से सरकारी कार्यालय पर पहुंचते हैं ठेकेदार को निर्माणाधीन पुलिया के आस पास जो वाहनों के गुजरने का रास्ता बनाया गया है। उसमें ज्यादा गिट्टी डालकर वाहन चालकों के लिए रास्ता मजबूत बनाने के लिए उसका ध्यान नहीं है।जबकि यह निर्माण बरसात के पहले होने का था। लेकिन ठेकेदार द्वारा अपनी हठधर्मिता के कारण जगह जगह सड़क मार्ग आधा अधूरा कार्य कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है जगह-जगह क्षतिग्रस्त सड़क दुर्घटनाओं को न्यौता दे रही है। लेकिन जिम्मेदारों ने आंखें मूंद रखी है। जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है संभवतया जिम्मेदार किसी बड़े हादसे के घटित होने का इंतजार कर रहे हैं। क्षेत्र वासियों ने बताया कि लंबे समय से यह सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त पड़ा है मामले में कई बार लोगों ने आवाज उठाई है परंतु इस पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि अपनी आंखें मूंद कर बैठे हैं।

टीन शेड विद्यालय को समर्पित की

शाहपुरा, (निसं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कनेछन कला में रविवार को वरिष्ठ अध्यापक राम प्रसाद सोमानी का सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि श्री छोटू लाल गुर्जर ने की। मुख्य अतिथि एसी बीई ओ भंवरलाल बलाई थे।

सेवानिवृत होने वाले सोमानी द्वारा विद्यालय को ढाई लाख की लागत का 25 गुना 100 का टीन शेड लगवा कर समर्पित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच साहब एवं ग्राम वासियों द्वारा सोमानी का सम्मान किया गया विद्यालय परिवार द्वारा पूरे सोमानी परिवार का अभिनंदन और स्वागत किया गया। सूर्य प्रकाश शर्मा अध्यापक के संयोजन एवम् संचालन में आयोजित अभिनंदन समारोह में कार्यवाहक प्रधानाचार्य मोहित घुसर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी स्टाफ के साथियों ने इस पूरे टीन शेड के नीचे 15पंखे लगवाने की घोषणा की अभिनंदन एवं सम्मान समारोह में मोहित घुसर, सत्यनारायण गुर्जर, रामगोपाल मीणा, कृष्ण मुरारी शर्मा, सूर्य प्रकाश शर्मा आशीष कुमार शर्मा प्रियव्रत वैष्णव रामदेव बेरवा हनुमान शर्मा,आत्माराम साहू भीम कुमार कोली आदि ने सोमानी का विद्यालय परिवार की ओर से अभिनंदन आदर सत्कार किया।

सार-समाचार

घुटना प्रत्यारोपण के लिए रोबोटिक सर्जरी सरल व सामान्य

अजमेर, (कासं)। रोबोटिक सर्जरी स्पेशलिस्ट डॉक्टर एस. एस.खत्री ने कहा कि घुटना प्रत्यारोपण के लिए रोबोटिक सर्जरी सरल व सामान्य सर्जरी है जिससे सर्जरी के 3 घंटे बाद ही मरीज चलने लगता है और एक दिन में ही मरीज को होस्पिटल से छुट्टी दे दी जाती है पी. के.वी हॉस्पिटल विजयनगर में रविवार को डॉक्टर एस.एस.खत्री ने निशुल्क परामर्श शिविर लगाकर करीब 42 मरीजों को समस्याओं का समाधान किया और निशुल्क परामर्श दिया। वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर प्रिया सुराणा ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी का विशेषता है कि यह 15 मिनट में संपूर्ण हो जाती है और रोबोटिक सर्जरी से पहले मेमिंग करता है कि कितनी सर्जरी करनी है इस सर्जरी से मरीज नेचुरल घुटने का एहसास करता है शिविर में डॉक्टर प्रिया सुराणा डॉ.मोहित शर्मा ने अपनी सेवाएं दी।

भाजपाइयों ने मन की बात सुनी

सरवाड़, (निसं.)। भाजपा शहर मण्डल द्वारा शहर के प्रत्येक शक्ति केन्द्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी व कार्यक्रम सुबह 11 बजे टीवी पर लाइव सुना गया वहीं मोदी ने मानसून पूर्व की हुई वर्षाकाल में व मानसून के पश्चात खेतो में बुवाई पर जोर दिया व तालाबो व एनीकटों में पर्याप्त वर्षा जल के भंडारण व पौधारोपण से पर्यावरण संतुलन पर जोर दिया इस दौरान मण्डल अध्यक्ष प्यारे लाल खटीक महामन्त्री कुशल किशोर सोनी, पार्षद सुरेश माली, गणेश माली, बूथ अध्यक्ष महेश भटनागर, बूथ अध्यक्ष सूरज माली, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष इरफान मंसूरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा तापड़िया, ओबीसी मोर्चा मुकेश माली, सुखलाल प्रजापत सहित कई पदाधिकारियो ने अपने अपने शक्ति केंद्र के बूथ में कार्यक्रम को सुना वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने अपने घर पर भी टीवी पर मन की बात सुनी।

प्रदेश संरक्षक व अध्यक्ष का स्वागत

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं.)। राज. ब्राह्मण महासभा संरक्षक एस डी शर्मा, महिला प्रदेशाध्यक्ष समृद्धि शर्मा व कर्मचारी नेता महेश व्यास के किशनगढ़ पहुंचने पर स्वागत किया गया। जिला महामंत्री सुशील दाधीच तिलोनिया ने बताया की कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष चन्द्रशेखर शर्मा की अगुवाई में साफा बंधवाकर व शॉल ओढ़ाकर आंगतुक अतिथियों का अभिनंदन किया। देहात जिलाध्यक्ष राकेश टंडन, महेश शर्मा, परशुराम सेना संयोजक रुपेश शर्मा, राधेश्याम शर्मा बड़गांव, रामप्रताप शर्मा, मनमोहन शर्मा, राम इंदौरिया, हेमन्त शर्मा, निलेश शर्मा, राहुल शर्मा, यश पालीवाल, अजय दाधीच, सुनील शर्मा, नन्दकिशोर शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, चन्द्रशेखर तिवाड़ी, ओमप्रकाश शर्मा, विमल शर्मा, राजेश नवहाल, प्रेमसागर शर्मा, सुनील मतड़ नितिन शर्मा, केशव चतुर्वेदी, दीपक दाधीच आदि उपस्थित रहे।

सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

अरांई, (निसं.)। तहसीलदार हरिराम ने अराई तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया इस मौके पर तहसील परिसर में स्थित ऑफिस शाखा के कमरों सुलभ शौचालय वाटर कूलर पानी की प्याऊ सहित तहसील में साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया इस दौरान तहसील परिसर में सुलभ शौचालय वाटर कूलर प्याऊ की जगह गुटके तंबाकू की गंदगी मिली जिस पर तहसीलदार ने कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहां की तहसील परिसर में जो भी गुटखा तंबाकू का सेवन करते हुए और गंदगी करते हुए नजर आए तो उन पर नियमानुसार जुर्माना किया जाएगा साथ ही तहसील परिसर मैदान मे साफ सफाई एवं स्वच्छता का विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा।

मरणोपरांत नेत्रदान कराया

मदनगंज-किशनगढ, (निसं.)। हाऊसिंग बोर्ड निवासी राजकुमार आसुदानी पुत्र उत्तमचंद के आकस्मिक निधन पर परिजनों ने नेत्रदान कराया। भारत विकास परिषद की प्रेरणा से प्रेरित परिजनों ने दुःखद घड़ी में जरूरतमंद को नेत्र ज्योति उपलब्ध कराने के उद्देश्य को लेकर सहज भाव से पुनीत कार्य में भागीदारी सुनिश्चित की। सचिव प्रहलाद अग्रवाल ने बताया कि नेत्रदान प्रक्रिया आई बैंक सोसाइटी के डॉ भरत शर्मा व कुलदीप शर्मा ने संपन्न कराई। इस दौरान पत्नी ज्योति, पुत्री नीतू, हेमा, दीपा व भागचंद, महेश ने सहयोग किया। ललित महाराज, भाविप से सुनील अग्रवाल, गिरधारी अमरवाणी मौजूद रहे।

प्लास्टिक मुक्त सामग्री के लिए सब्सिडी देने की मांग

अजमेर, (कासं)। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के प्रमुख पदाधिकारियों की एक बैठक रविवार को महासचिव रमेश लालवानी की अध्यक्षता में गंज स्थित कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में भोजनालय संघ के अध्यक्ष किशन सिंह राव सहित पदाधिकारियों ने सरकार से प्लास्टिक मुक्त सामग्री निर्माण कर्ताओं को सब्सिडी देने की मांग की है।

महासंघ के संगठन सचिव दिलीप सामनानी ने बताया कि विश्व प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस 3 जुलाई को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। दिलीप सामनानी ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें प्रदूषण से बचने के लिए शर्म को छोडक़र कपड़े के थैलों का प्रयोग करना होगा। महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने कहा कि पृथ्वी के समस्त जीवों में मानव ही एक मात्र बुद्धिजीवी प्राणी है और उसके द्वारा ही सबसे अधिक प्रदूषण फैलाया जाता है। इस कारण अन्य जीवों को भी इसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ते है।

व्यापारिक एसोसिएशन गंज के राधाकिशन दौलतानी ने कहा कि ऐसे उद्योगों के संचालकों को उसमें परिवर्तन, नए प्रकार के उद्योग लगाने में सरकार की ओर से सहयोग करना चाहिए। गोविन्द लालवानी ने कहा कि आम नागरिको में जागरूकता लाने के लिए नुक्कड़ नाटकों का आयोजन, प्रत्येक परिवार तक प्रतिबंधित सामग्री रोकने के प्रबंध, प्रतिबंधित सामग्री के निर्माण स्थल पर ही रोकथाम करवाने, बाहर से आने वाली प्रतिबंधित सामग्री को शहर में नहीं आने देने के प्रबंध करने, वर्तमान में जिन निर्माताओ के पास आज तक जो पुराना स्टॉक उपलब्ध है उसको समाप्त करने के लिए उचित समयावधि प्रदान करने की महासंघ ने मांग की।

बैठक में किशन सिंह राव, रमेश लालवानी, दिलीप सामनानी,गोविन्द लालवानी, राधाकिशन दौलतानी, कालू भाई सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

रामतलाई लबालब होने से घरों पानी भरा

मसूदा, (निसं)। मसूदा कस्बे में रविवार को रामतलाई के लबालब होने के बाद पानी की निकासी नहीं होने से कॉलोनी वासियों के घरों में पानी भरने को लेकर ग्राम पंचायत को ज्ञापन सौंपा।

मसूदा कस्बे के बस स्टैंड पर स्थित रामतलाई के लबालब भर जाने के बाद नहर के पूरी तरह से बंद होने से रामतलाई के पानी की निकासी के बंद हो जाने से अब रामतलाई का पानी इसके आस पास बने मकानों में घूसने की कंगार पर पहुंच गया। जिसको लेकर रविवार को यहां के वाशिंदों ने मसूदा विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत से भी पानी की निकासी को लेकर गुहार लगाई। साथ ही मसूदा ग्राम पंचायत प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर नहर की सफाई कर रामतलाई के पानी की निकासी की मांग की है। इसको लेकर ग्राम पंचायत प्रशासन ने बताया कि नहर के कुछ स्थानों पर अतिक्रमण होने से नाले की सफाई को लेकर परेशानी हो रही है। जिसको लेकर सोमवार को मसूदा विकास अधिकारी को पत्र प्रेषित कर अतिक्रमण हटवाने को लेकर सहयोग की मांग की जाएगी।

अजमेर विकास प्राधिकरण ने अतिक्रमण हटाया

अजमेर, (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण ने रविवार को कार्रवाई करते हुए लोहागल ग्राम के खसरा संख्या 1050 पर हो रहे नवीन निर्माण के अतिक्रमण को जेसीबी की सहायता से धवस्त किया।

इस बारे में जानकारी देते हुए पटवारी महिपाल सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि लोकल के खसरा संख्या 1050 की लगभग एकड़ की भूमि पर चौरसियावास निवासी शेर पुत्र नहर खान द्वारा चारदिवारी का निर्माण किया जा रहा था।

इस पर आयुक्त सहसचिव अनिल पूनिया के निर्देश पर उपरोक्त निर्माण को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त किया गया। उपरोक्त भूमि अजमेर विकास प्राधिकरण के स्वामित्व की भूमि है। इस कार्रवाई में पटवारी महिपाल सिंह पवन सांवरिया व अजमेर विकास प्राधिकरण का पुलिस जाता मौजूद था।



लोहागल ग्राम के खसरा संख्या 1050 पर हो रहे नवीन निर्माण को जेसीबी की सहायता से धवस्त किया।

देवनानी ने चिकित्सा विभाग के तीन अभियानों का शुभारम्भ किया

अजमेर, (कासं)। पंचशील स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने चिकित्सा विभाग के तीन अभियानों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देवनानी ने बच्चों को पोलियो की खुराक दो बूंद जिंदगी की पिलाकर अभियान शुरुआत की। इस अवसर पर स्टॉप डायरिया अभियान-2024 एवं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आभा आईडी बनाओ अभियान का भी शुभारम्भ किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वासथ्य अधिकारी डॉ.ज्योत्सना रंगा ने बताया कि रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंचशील नगर में तीन दिवसीय जिला स्तरीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक की आयु के करीब ढाई लाख बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सोमवार व मंगलवार को घर-घर जाकर भी दवा पिलाई जाएगी। डॉ. रंगा ने बताया कि अजमेर जिले में ग्रामीण क्षेत्र में 1 लाख 36 हजार 148 एवं शहरी क्षेत्र में 1 लाख 29 हजार 520 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। शहरी क्षेत्र में 129 व ग्रामीण क्षेत्र में 30 ट्रांजिक बूथ लगाए गए है।

डॉ. रंगा ने बताया कि दस्त संबंधी बीमारियों से बच्चों में होने वाली मौतों पर प्रभावी रोकथाम के लिए प्रदेश में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य कार्मिक घर-घर जाकर पांच साल तक की आयु के बच्चों को दस्त से बचाव हेतु स्वास्थ्य परामर्श, ओआरएस पैकेट एवं जिंक की गोलियां देंगे। इसी प्रकार आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत डिजिटल प्लेटफॉर्म आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट यानि आभा आईडी का निर्माण किया जा रहा है। पंचशील राजकीय शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्सना रंगा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ.रामलाल चौधरी, आरसीएचओ डॉ.शिंदे स्वामी एवं पंचशील सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर शिखा माथुर एवं समस्त अजमेर शहरी डिस्पेंसरी के चिकित्सा अधिकारी प्रभार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय स्तर के पल्स पोलियो कार्यक्रम को सफल बनाने में हरि ओम कॉलोनी विकास समिति चंदवरदाई नगर के पदाधिकारियों ने रविवार को जन सेवा समिति के महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व में आंगन बाडी केन्द्र व भटनागर सीनियर सैकंडरी विद्यालय में आयोजित कैम्प में 0 से 5 साल तक के बच्चो को पल्स पोलियो की दवा पिलाने और बूथ तक लाने में सहयोग किया। समाजसेवी लक्ष्मी चितौडिया अतिथि के रूप में उपस्थित थी।

जिला राइफल शूटिंग चैंपियनशिप संपन्न

अजमेर, (कासं)। जोधपुर विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर एवं प्रमुख उद्योगपति सर्वेश्वर पाल सहगल ने कहा कि देश कि भावी पीढ़ी जीवन में सफलता अर्जित करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर पूरी एकाग्रता के साथ उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रयास करें। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जरूरी है कि बच्चे पूर्ण रूप से अनुशासित होकर समयबद्ध दिनचर्या का पालन करें।

करणी स्पोर्ट्स राइफल शूटिंग अकादमी रेंज पर आयोजित तीन दिवसीय जिला राइफल शूटिंग चैंपियनशिप के रविवार को आयोजित समापन समारोह के मुख्य अतिथि सहगल ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि मोबाइल संस्कृति से आज की युवा पीढ़ी घिरी उतना ही इस्तेमाल करें जितनी दैनिक जीवन में इसकी आवश्यकता हो। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए जरूरी है कि पूर्ण समर्पित भाव से मेहनत करें।

चंद्रवरदाई नगर स्थित साकेत नगर में करणी स्पोर्ट्स शूंटिंग रेंज पर तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 300 से अधिक छात्र-छात्रा, पुरुष एवं महिलाओं ने भाग लेकर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। समापन समारोह के अध्यक्ष अजमेर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान सिंह ने इस अवसर पर कहा कि राइफल शूटिंग खेल दिन प्रतिदिन अपनी लोकप्रियता बढ़ा रहा है, जहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के साथ हम सफलता अर्जित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ

भीलवाड़ा, (निसं)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शनिवार को राजस्थान के किसानों के लिए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ किया। टोंक के कृषि उपज मण्डी प्रांगण में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के 65 लाख से अधिक किसानों को योजना के तहत प्रथम किश्त के रूप में 650 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सीधा उनके बैंक खातों में हस्तान्तरण किया किया।

महाराणा प्रताप सभागार, टाउनहॉल में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, विधायक उदयलाल भडाणा, विधायक लादूलाल पितलिया, जिला कलक्टर नमित मेहता, सभापति राकेश पाठक जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, सीईओ शिवपाल जाट, उपखंड अधिकारी आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ मौजूद रहे। साथ ही 550 से अधिक किसानों ने जिला स्तरीय समारोह में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं किसानों की कृषि संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किसानों को प्रतिवर्ष 2000 रुपये की अतिरिक्त राशि देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया।

खेल स्टेडियम से जिला स्तरीय सघन पौधरोपण अभियान की शुरूआत

डीडवाना स्टेडियम में एक साथ लगाए गए तीन हजार पौधे

डीडवाना, (निसं)। जिले को हरा भरा करने के लिए जिले भर में "मेरा वृक्ष मेरा परिवार" के नाम से आज जिला मुख्यालय स्थित खेल स्टेडियम में पौधरोपण अभियान का आगाज डीडवाना के जिला कलेक्टर बाल मुकुंद असावा ने किया। ज़िला कलक्टर बाल मुकुंद असावा के इस महत्वकांक्षी अभियान के तहत डीडवाना खेल स्टेडियम में सामूहिक रूप से एक साथ तीन हजार पौधों अधिकारियो कर्मचारियों और एनसीसी और स्काउट के छात्र छात्राओं द्वारा लगाए गए।

अभियान की शुरुआत डीडवाना जिला कलेक्टर बाल मुकुंद असावा और पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा के साथ वन अधिकारी सुनील कुमार ने की। अभियान की शुरुआत के साथ सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा सामाजिक और स्वयंसेवी संस्थाओं के लोग और जनप्रतिनिधि भी इस अभियान में सहभागिता निभाकर जिलेभर में पौधारोपण कर रहे हैं।

आपको बता दें कि इस पौधरोपण अभियान के दौरान आगामी दो दिनों में लगभग 2 लाख से अधिक पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत डेढ़ लाख गड्ढे खोदकर तैयारी पूर्ण है और जहां जहां पौधरोपण होना है, उन चयनित स्थानों पर पौधारोपण किया जा रहा है मेरा वृक्ष मेरा परिवार अभियान के तहत जिले की सडकों, रोड़ साईड डिवाईडरों, समस्त राजकीय विद्यालयों, राजकीय कार्यालयों, चिकित्सालयों, खेल स्टेडियम, सार्वजनिक पार्कों इत्यादि पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। इस अभियान में सरकारी संस्थाओं के साथ ही सामाजिक और स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। पौधारोपण अभियान के तहत हर कस्बों और गांवों में ओक्सीजोन क्षेत्र विकसित किए जाएंगे जहां लगभग एक हजार पौधे प्रत्येक गांव कस्बे में लगाए जायेंगे। वहीं अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में 200 पेड़ो की हरित पट्टिका भी विकसित की जा रही है। अभियान के तहत लगाए जाने वाले पौधों को विद्यालयों के छात्रों, कार्यालयों के कार्मिकों एवं विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं को स्वेच्छा से गोद दिया जाकर इनका रखरखाव करवाया जाएगा।

कलक्टर, पुलिस अधीक्षक, डीएफओ के साथ विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों ने पौधरोपण किया।

प्रतिभाओं का होगा सम्मान

ब्यावर, (निसं) सर्व मेघवंशी मेघवाल समाज राजस्थान जिला ब्यावर द्वारा आयोजित होने वाली प्रतिभा सम्मान समारोह हेतु समाज के वरिष्ठ जनों की तथा समिति पदाधिकारी की बैठक संयोजक नरोत्तम जयपाल के निर्देशन में हुई। समारोह के सफल आयोजन हेतु विभिन्न प्रकार की समितियां का गठन किया गया जिसमें कोष संग्रहण समिति, भोजन समिति ,बैठक व्यवस्था जलपान जल व्यवस्था, मंच व्यवस्था ,प्रचार प्रचार व्यवस्था, स्मृति चिन्ह साफा शॉल दुपट्टा मॉडल संविधान सामग्री शिक्षनो उपयोगी सामग्री, मंच संचालन, आमंत्रण पत्र विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई।

समिति के गुरु शरण गोयल ने बताया कि यह सम्मान समारोह मंजू बाघमार राज्य मंत्री राजस्थान सरकार के मुख्य अतिथि में 21 जुलाई 2024 को आयोजित किया जाएगा। जिसमें ब्यावर परिक्षेत्र के समस्त समाज बंधु प्रतिभाओं के साथ सम्मिलित होंगे, सभी प्रकार की सहयोग राशि का संग्रहण , सोमेश भाटी करेंगे। आज की बैठक में समारोह के सहसंयोजक मांगीलाल चवदिया, अर्जुन सिंह आदरा, नारायण मेहरा, रतन सिंह हेजू, राधेश्याम कटारिया, पृथ्वीराज चौहान, भरत बाघमार पार्षद, हरिप्रसाद कड़ेला, सोमेश भाटी, गोपाल बारूपाल, राजेंद्र लीलड, ओमप्रकाश राणवा, मदनलाल कडेला, भंवरलाल पिंडियार, तिलोकचंद तलेपा आदि उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत बाडी
पंचायत समिति मसूदा (ब्यावर)

क्रमांक:ग्रा.प./महानरेगा/निविदा/2024-25/197 दिनांक- 30/06/2024

ई-निविदा सूचना-16/2024-25

ग्राम पंचायत बाडी वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबंध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 02/07/2024 से दिनांक 15/7/24 तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा एवं वेबपोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी। NIB No. ZAJ 2425A0112 ZAJ 2425GLOB00116

सरपंच ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बाडी ग्राम पंचायत बाडी
पंचायत समिति मसूदा (ब्यावर) पंचायत समिति मसूदा (ब्यावर)

कार्यालय ग्राम पंचायत देवमाली
पंचायत समिति मसूदा (ब्यावर)

क्रमांक:ग्रा.प./महानरेगा/निविदा/2024-25/203 दिनांक- 30/06/2024

ई-निविदा सूचना-16/2024-25

ग्राम पंचायत देवमाली वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबंध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 02/07/2024 से दिनांक 15/7/24 तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा एवं वेबपोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी। NIB No. ZAJ 2425A0113 ZAJ 2425GLOB00117

सरपंच ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत देवमाली ग्राम पंचायत देवमाली
पंचायत समिति मसूदा (ब्यावर) पंचायत समिति मसूदा (ब्यावर)

कार्यालय ग्राम पंचायत उत्तमी
पंचायत समिति मसूदा (ब्यावर)

क्रमांक:ग्रा.प./महानरेगा/निविदा/2024-25/209 दिनांक- 30/06/2024

ई-निविदा सूचना-18/2024-25

ग्राम पंचायत उत्तमी वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबंध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 02/07/2024 से दिनांक 15/7/24 तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा एवं वेबपोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी। NIB No. ZAJ 2425A0111 ZAJ 2425GLOB00115

सरपंच ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत उत्तमी ग्राम पंचायत उत्तमी
पंचायत समिति मसूदा (ब्यावर) पंचायत समिति मसूदा (ब्यावर)